ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय
रायपुर

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-02-2021

नारायणपुर(छत्तीसगढ़) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-02-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-02-24	2021-02-25	2021-02-26	2021-02-27	2021-02-28
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	32.0	32.0	32.0	32.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	15.0	16.0	17.0	17.0	17.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	85	80	75	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	25	25	25	25	25
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	2.0	2.0	3.0	2.0	3.0
पवन दिशा (डिग्री)	117	281	292	292	112
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	0	1	1	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

भारत मौसम विभाग (IMD) से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों के दौरान नारायणपुर जिले में मौसम शुष्क एवं आसमान साफ़ रहने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान 32.0 oC के आस-पास एवं न्यूनतम 15.0 से 17.0 oC के मध्य रहेगा । इस दौरान हवा में सुबह लगभग 75 से 85 % और शाम के समय 25 % नमी रहने की संभावना है। मुख्यतः उत्तर-पश्चिम दिशा से लगभग 2 से 3 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चल सकती हैं ।

सामान्य सलाहकार:

पपीता, अमरूद, आम, लीची और अन्य फूलों वाले पौधों में मिलीबग के प्रकोप को रोकने के लिए, पौधे की जड़ क्षेत्र के पास की मिट्टी को क्लोरपायरीफॉस नामक कीटनाशक की 4 मिली मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर उससे गीला करें; खुले मौसम में पौधे पर 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर उसी कीटनाशक का छिड़काव करें; छिड़काव के 15 दिनों के तक फलों को न तोड़े ।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाई आलू की तैयार फसल की खुदाई करें हवादार स्थान पर संग्रहित करें.

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
भिण्डी	पिछले दिनों हुई वर्षा से खेत में पर्याप्त नमी है किसान भाई नमी का उपयोग करते हुए ग्रीष्मकालीन भिन्डी की बुआई कर सकते हैं.

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	आम में फल झडन से बचाव हेतु नेफ्थेलीन एसिटिक एसिड की 2 ग्राम एवं यूरिया की 2 किग्रा. मात्रा 100 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें.
कद्दू	कद्दूवर्गीय सब्जियों जैसे कुम्हड़ा. करेला, लौकी, तरबूज़, खरबूज एवं भिंडी की बुआई के लिए समय उत्तम है.
नींबू	नींबू के फल पौधों में गोबर खाद प्रदाय करें एवं उससे अधिक उम्र के पौधों 300 से 400 ग्राम हड्डी का चूरा प्रदान कर सिंचाई करें.

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
पौध - संरक्षण	फाल आर्मी वर्म नामक कीट से मक्का फसल के बचाव हेतु, इमामेक्टिन बेंजोएट की 0.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें ।
सामान्य सलाह	साफ मौसम को देखते हुए किसान परिपक्व अलसी की फसल की कटाई कर सकते हैं और मिंजाई से पहले इसे अच्छी तरह से सूखने दें ।
सामान्य सलाह	आगामी दिनों में दिन का तापमान बढ़ने की सम्भावना अतः किसान भाई सब्जी वाली फसलों में आवश्यकता अनुसार सिंचाई करें.
अंतर संस्कृति	वर्त्तमान में मिट्टी में पर्याप्त नमी है अतः किसान भाई फल वृक्षों के चारो ओर थाला बनाने का कार्य करें.